समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# एस.डी.एस. चिल्ड्रन एकेडमी, बेवर मे पूंर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को दी गई श्रद्धांजलि

हरिओम

Published on 11 Oct 2025




बेवर। समाजवादी विचारधारा के प्रणेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री **मुलायम सिंह यादव** की पुण्यतिथि पर बेवर स्थित **एस.डी.एस. चिल्ड्रन एकेडमी, मोटा रोड** में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, उप-प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएँ और छात्र-छात्राएँ एकत्रित होकर नेताजी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में नेताजी **मुलायम सिंह यादव** के चित्र पर पुष्प अर्पण से हुई। विद्यालय के **प्रधानाचार्य श्री विजेद्रं सिंह यादव** ने उनके योगदानों को याद करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि गरीब, किसान और समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज थे। उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेताजी ने अपने कार्यकाल में शिक्षा, किसान हित और समाज के कमजोर वर्गों के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए, जिन्हें आज भी लोग याद करते हैं।

श्रद्धांजलि समारोह का संचालन **उप-प्रधानाचार्य श्री आदेश यादव** ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी का जीवन सादगी, संघर्ष और समर्पण का प्रतीक था। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका **सलोनी, शिफा और प्रिया** ने भी नेताजी के व्यक्तित्व और कार्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने हमेशा शिक्षा को समाज के उत्थान का माध्यम माना और ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के लिए अनेक योजनाएँ लागू कीं।

कार्यक्रम में शिक्षक **विमल यादव, सूर्यांश यादव, सौरभ शाक्य, जनेश यादव, विशाल श्रीवास्तव** सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने एक स्वर में नेताजी के आदर्शों को याद करते हुए उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में मौन रखकर नेताजी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की गई। छात्रों ने अपने शब्दों में नेताजी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह हमेशा “जनता के नेता” के रूप में याद किए जाएंगे।

**प्रधानाचार्य श्री विजेद्रं सिंह यादव** ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने भारतीय राजनीति में जो स्थान बनाया, वह किसी आम नेता के लिए संभव नहीं था। उनके जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे हमेशा जमीन से जुड़े रहे। सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने जनता से दूरी नहीं बनाई।

विद्यालय के प्रांगण में लगे नेताजी के चित्र के सामने सभी उपस्थित जनों ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि उनकी समाजवादी सोच आज भी लाखों लोगों के लिए मार्गदर्शक है। समारोह के अंत में विद्यालय के छात्रों ने नेताजी के सम्मान में गीत और कविताएं प्रस्तुत कीं, जिनसे पूरे वातावरण में भावनात्मक माहौल बन गया।

**उप-प्रधानाचार्य आदेश यादव** ने कहा कि नेताजी ने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा एकता, भाईचारे और समानता का संदेश दिया। उन्होंने हर वर्ग के लिए समान अवसर और सम्मान की नीति अपनाई। आज के विद्यार्थियों के लिए यह ज़रूरी है कि वे ऐसे नेताओं से प्रेरणा लें और अपने जीवन में ईमानदारी, सादगी और सेवा भाव को अपनाएं।

विद्यालय के शिक्षकों ने भी कहा कि नेताजी की शिक्षा और सामाजिक विचारधारा आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेगी। उनका संघर्ष, साहस और जनसेवा का जज़्बा यह सिखाता है कि सच्चे नेता वही हैं जो जनता के बीच रहकर उनके दुख-दर्द को समझते हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर नेताजी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और कहा कि **मुलायम सिंह यादव** हमेशा देश और प्रदेश की राजनीति में एक अमिट छाप छोड़ गए हैं।

इस श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन ने यह संदेश दिया कि बच्चों में महान नेताओं के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के लिए कुछ करने की भावना विकसित होनी चाहिए।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/हरिओम, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.